झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

3 Sep 2023

Follow us on



RN Sir

(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in

Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 3 सितंबर का इतिहास

- **1998 :** नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।
- **1971 :** कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- **2014 :** भारत और पाकिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।
- **1943 :** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक देश इटली ने हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## 3 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत अब एशियन डेवपलमेंट बैंक के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए तैयार हैं। इससे पहले, भारत ने पहला डब्ल्यूएचआई सेंटर फॉर ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन जीता था। जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के लिए नया केंद्र ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा, साझेदारी और नवाचारों को बढ़ावा देगा और जी-20 से परे देशों, विशेष रूप से विकासशील देशों की भी मदद करेगा।
- इजराइल के रक्षा मंत्रालय और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने एक खुफिया विमान की उड़ान की घोषणा की। यह एक गल्फस्ट्रीम G550 एयरोस्पेस है जो अत्याधुनिक सेंसर, कैमरे, कृत्रिम बुद्धिमता ओर उन्नत Command, Control, Communications, Computers व इंटेलिजेंस सिस्टम से लैस हैं। यह इसे सभी मौसम में तेजी से लक्ष्य का पता लगाने में सक्षम बनाता हैं। यह एक संयुक्त मल्टी-डोमेन, मल्टी सेंसर समाधान है जो आईडीएफ को दूर और निकट के खतरों का मुकाबला करने के लिए गेम चेंजिंग क्षमताएं प्रदान करेगा।
- आकाशवाणी ने नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में नो इंडिया प्रोग्राम के आईपी से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया। भारतीय मूल के लगभग 55 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की। भारतीय डायसपोरा से संपर्क साधने के लिए नो इंडिया प्रोग्राम केआईपी विदेश मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के जरिये भारतीय मूल के युवाओं को उनके भारतीय मूल्यों से परिचय करवाया जाता हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता को बढ़ावा देना है।
- भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज एस. चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी के भाषणों पर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नामक पुस्तकों का अनावरण किया, जो प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरक भाषणों पर केंद्रित हैं। पुस्तक विमोचन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई।
- आपातकालीन खरीद के तहत 130 टेथर्ड ड्रोन और 19 टैंक ड्राइविंग सिमुलेटर की खरीद के लिए सेना द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसकी डिलीवरी 12 महीने में होगी।
- डॉ. सोनाली घोष काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की पहली महिला फील्ड निदेशक बनी। वह जतींद्र सरमा की जगह ली। असम सरकार ने पहले ही घोष को वन प्रमुख के पद पर तैनात करने का आदेश जारी कर दिया हैं। वह 118 साल पुराने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने वाली पहली महिला बनी।
- इसरो ने चंद्रमा की सतह का तापमान परिवर्तन ग्राफ जारी किया। चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर चंद्रा सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड ने ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा के ऊपरी मिट्टी का तापमान मापा। इससे चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी। ग्राफ से पता चलता है कि तापमान में भिन्नता 70 डिग्री सेल्सियस से माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक हैं। चंद्रमा की सतह से नीचे का तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे तक कम हो जाता है।
- महाराष्ट्र के अकोला में स्थित अकोला मर्चेंट को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का महाराष्ट्र के जलगांव में स्थित जलगांव पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के साथ विलय को मंजूरी दे दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के संयोजन में धारा 44A की उप-धारा (4) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए विलय को मंजूरी दे दी हैं। विलय की अनुमोदित योजना लागू हुई। इस कदम से क्षेत्र में मजबूत बैंकिंग परिदृश्य में योगदान और दोनों संस्थानों के ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं में वृद्धि की उम्मीद हैं।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे ने हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ सहयोग किया। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य हरित हाइड्रोजन की दक्षता, लागत-प्रभावशीलता और मापनीयता में क्रांति लाना और इसे एक रणनीतिक वैकल्पिक ईंधन बनाना हैं। मुख्य फोकस उन नवीन परियोजनाओं पर होगा जो एक मजबूत और हरित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करती हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय गगनचुंबी इमारत दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 3 सितंबर (B) 4 सितंबर

(C) 5 सितंबर (D) 6 सितंबर

**(B)** हर साल राष्ट्रीय गगनचुंबी इमारत दिवस 3 सितंबर को मनाया जाता हैं। दुनियाभर में ऐसे बहुत सी आसमान छूती इमारतें हैं, जिन्हें बनाने वाले इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स की कारीगरी को देखकर आप भी सलाम करेंगे। यह दिन उन्ही लोगों की सरहाना करने के लिए मनाया जाता है।




**2. हाल ही में किस देश ने 4 सितंबर से महिलाओं के अबाया पोशाक पहनने पर रोक लगाएगी ?**

(A) भारत (B) अमेरिका

(C) फ्रांस (D) जापान

**(C)** 4 सितंबर को नया स्कूल वर्ष शुरू होते ही नया नियम लागू कर दिया जाएगा। अबाया मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला एक ढीला ढाला पूरी लंबाई का वस्त्र हैं। देश के शिक्षा मंत्री गेब्रियल अटाल ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब स्कूल के माध यम से खुद को मुक्त करने की आजादी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अबाया एक धार्मिक संकेत हैं।



**3. हाल ही में लंदन में इंटरनेशनल एकेडमिक अचीवर अवार्ड 2023 से किसे सम्मानित किया जाएगा ?**

(A) विजय रस्तोगी (B) डॉ. गजेंद्र शेखावत

(C) डॉ. रमेश अग्रवाल (D) डॉ. सुभाष सुथार

**(D)** भूगोल विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र शेखावत को राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार 2023 एवं डॉ. सुभाष सुथार को इंटरनेशनल एकेडमिक अचीवर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार लंदन में दिसंबर माह में एडविन इनकॉर्पोरेशन इंडिया की और से प्रदान किया जाएगा।



**4. हाल ही में भारतीय वायुसेना किस देश में अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास ब्राइट स्टार में भाग लेगी ?**

(A) रूस (B) मिश्र

(C) ब्राजील (D) अमेरिका

**(B)** भारतीय वायु सेना ने मिश्र में आयोजित द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास ब्राइट स्टार-23 में भाग लेने के लिए एक दल भेजा हैं। यह पहली बार है कि भारतीय वायु सेना इस अभ्यास में भाग ले रही है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त अभियानों की योजना और कार्यान्वयन का अभ्यास करना, रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देना और सीमाओं के पार संबंधों को प्रोत्साहित करना है।



**5. हाल ही में एनटी रामा राव पर स्मारक सिक्का किसके द्वारा जारी किया गया ?**

(A) द्रौपदी मुर्मू (B) नरेंद्र मोदी

(C) अमित शाह (D) पीयूष गोयल

**(A)** राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में एनटी रामा राव के शताब्दी वर्ष पर सिक्का जारी किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वर्गीय एनटी रामा राव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृतिक को समृद्ध किया। उन्होंने उल्लेख किया कि एनटीआर ने अपनी एक फिल्म मनुशुलंता ओक्कटे के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता की अवधारणा को भी बढ़ावा दिया।




6. **हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने दुनिया की पहली कितने प्रतिशत इथेनॉल ईधन आधारित कार लॉन्च की ?**

(A) 50% (B) 75%

(C) 95% (D) 100%

**(D)** दुनिया की पहली 100% इथेनॉल ईधन आधारित कार नई दिल्ली में लॉन्च की गई है। दुनिया का पहला BS-VI विद्युतीकृत फ्लेक्टस ईधन वाहन लॉन्च किया गया है जो पूरी तरह से इथेनॉल मिश्रित ईधन पर काम कर सकता हैं। फ्लेक्टस फ्यूल एक ऐसी तकनीक है जो इंजन को 20% से अधिक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल या गैसोलीन का उपयोग करने की अनुमति देती है।




7. **हाल ही में नागरिक उड्डयन में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ओर किस देश के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ?**

(A) न्यूजीलैंड (B) इजराइल

(C) इंग्लैंड (D) रूस

**(A)** नागरिक उड्डयन में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते में नए मार्गो का निर्धारण, कोड शेयर सेवाएं, यातायात अधिकार और क्षमता पात्रता शामिल हैं। नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल और न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त डेविड पाइन ने नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



8. **विश्व संचालन संस्थान फीफा ने किस देश के फुटबॉल महासंघ पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है ?**

(A) श्रीलंका (B) रूस

(C) इजराइल (D) जापान

**(A)** विश्व संचालन संस्था फीफा ने श्रीलंका फुटबॉल महासंघ पर लगा प्रतिबंध हटा दिया हैं। महासंघ के मामलों में सरकारी हस्तक्षेप के कारण जनवरी 2023 में प्रतिबंध लगाया गया था। एफएफएसएल ने अपनी कार्यकारी समिति के लिए नए सिरे से चुनाव कराने पर भी सहमति जताई है।




9. **हाल ही में इंडियन ऑयल ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ?**

(A) अक्षय कुमार (B) कृति सेनन

(C) संजीव कपूर (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में इंडियन ऑयल ने शेफ संजीव कूपर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया तेल और गैस उद्योग की प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड वाणिज्यिक ओर औद्योगिक एलपीजी क्षेत्र में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं।



10. **हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने एलपीजी के दाम कितने रूपये प्रति सिलेंडर घटाने को मंजूरी दे दी है ?**

(A) 100 रु. (B) 200 रु.

(C) 350 रु. (D) 500 रु.

**(B)** केंद्रीय कैबिनेट ने एलपीजी के दाम 200 रूपये प्रति सिलेंडर घटाने को मंजूरी दे दी हैं। परिवारों को राहत देने के लिए यह निर्णय लिया गया हैं। कीमत में कटौती प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में नामांकित उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी। पीएमयूवाई के लाभार्थियों को अब प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर 400 रूपये की सब्सिडी मिलेगी।

